**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 14-03-2006**

**Participants : Masood Shri Rasheed**

>

Title : Need to check pollution caused by the effluents released by Sir Shadi Lal Chemicals Works Pilkhani, Saharanpur, Uttar Pradesh.

**श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) :** अध्यक्ष महोदय, सहारनपुर, उ0प्र0 में सरशादी लाल केमिकल्स वर्क्स पिलखनी द्वारा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस क्षेत्र के किसान एवं जनता को परेशानी का सामना करना पडता है। इस क्षेत्र की जमीन से निकलने वाले पानी का रंग लाल हो गया है। यह लाल पानी प्रतिदिन प्रयोग में लाने योग्य नहीं है। इस संबंध में इलाके के लोग बहुत बार शिकायल कर चुके हैं। इस क्ष्त्र में इंडियन एयर फोर्स का बेस डिपो है। इस बेस डिपो में रहने वलो अधिकतर अधिकारयों की सेहत भी खराब हो रही है। जो गंदा पानी निकलता है उसे बिना फिल्टर किये खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है। इस समस्या के निदान के लिए तुंरत कदम उठाने की आवश्यकता है।